समाचार

स्वस्थ अधिकारी कर्मचारी दिवस

साकेत भवन में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

(अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा सहित 122 अधिकारी कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण)

कोरबा 12 जून 2019 –स्वस्थ अधिकारी कर्मचारी दिवस के अवसर पर आज निगम कार्यालय साकेत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई, निगम के प्रभारी आयुक्त अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा सहित 122 अधिकारी कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री व्ही.के. सारस्वत ने बताया कि स्वस्थ अधिकारी कर्मचारी दिवस के मौके पर आज गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोरबा के द्वारा निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ.समरेश बोस, बी.ई.टी.ओ. श्रीमती रीता गुप्ता तथा उनके स्टाफ के कर्मचारियों के द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान निगम के कुल 122 अधिकारी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें मधुमेह के 30 एवं ब्लड प्रेशर के 26 प्रकरण प्राप्त हुए, वहीं 66 अधिकारी कर्मचारियों का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोरबा के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक एन.एल. पैकरा, डी.पी.एस.सोलंकी, सहायक सुरेन्द्र कुमार यादव, लैब टेक्नीशियन सुषमा चन्द्रा, ए. एन.एम. रासेश्वरी मिश्रा, संतोषी यादव, जागेश्वरी नायक, मीना कंवर, मालती चन्द्रा, कुंजबिहारी आदि ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।